एनटीपीसी में इलेक्ट्रीशियन की मौत, श्रमिकों का हंगामा

सौ फीट ऊपर से गिरा, श्रमिकों ने लगाया लापरवाही का आरोप

गाडरवारा, देशबन्धु। एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन) के कोयला विभाग में शुक्रवार की रात करीब 8 बजे से 9 बजे के बीच हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक कर्मचारी नरेश पाल बम्होरी मनकवारा गांव का निवासी था और टीपी 6 पर काम करते समय ऊपरी हिस्से से गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई उस समय सनसनी फैल गई जब मृतक को एक नाले के पास ड्यूटी से लौट रहे मजदूरों ने देखा। उन्होंने तत्काल कंट्रोल रूम एवं परिजनो को सूचना दी उक्त युवक को गाडरवारा चिकित्सालय लेकर आए डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। एनटीपीसी की सीएचपी कंपनी दिनेश कंस्ट्रक्शन में मानकबारा बम्होरी निवासी नरेश पाली पिता हरिराम पाली उम्र 30 वर्ष स्कल वर्कर्स संविदा में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत था ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि में एनटीपीसी के कन्वेयर एरिया में शिफ्ट इंचार्ज द्वारा ऊपर किसी कार्य के लिए भेजा था लगभग सौ फ़िट से ऊपर से गिर जाने से उसकी मृत्यु हो गई। शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा में रात से ही मृतक के परिजन और श्रमिक सभा के लोगों ने एनटीपीसी द्वारा लापरवाही पूर्ण कार्य कराए जाने पर एवं सुरक्षा के बेहतर इंतजाम न किए जाने के पर हंगामा खड़ा कर दया था और और नरेश पाली की मौत का जिम्मेदार एनटीपीसी को ठहराया जा रहा था। शुक्रवार की रात्रि में ही एनटीपीसी के एच आर सुरेश राजे चिकित्सालय पहुंचे और मरीजों के परिजनों से मिलकर उचित मदद करने का आश्वासन दिया। लेकिन परिजन एवं मजदूर साथी, एनटीपीसी की श्रमिक सभा के सदस्य नहीं माने और उन्होंने शनिवार की सुबह एनटीपीसी के मुख्य द्वार एवं गाडरवारा चिकित्सालय में हंगामा खड़ा करते हुए विरोध प्रदर्शन कर वाजिव मुआबजा व मृतक की पत्नी को नौकरी दिए जाने की मांग कर रहे थे और जब तक मांग पुरी होती तब तक मृतक का सब परीक्षण नहीं होने दे रहे थे। विरोध प्रदर्शन की जानकारी लगते ही स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारी एवं आसपास के पुलिस थानों का पुलिस बल चिकित्सालय पहुँचा।

परिजनों से एसडीएम कलावती व्यारे, पुलिस उप अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक प्रियंका केवट एवं गाडरवारा अनुविभाग के थाना प्रभारी एवं एनटीपीसी के अधिकारियों ने काफी देर तक बातचीत की तब कहीं जाकर परिजन शव परीक्षण कराने राजी हो सके। अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक के परिजनों को 36 लख रुपए की राशि एनटीपीसी के अधिकारियों ने देने को कहा है । जिसमें 26 लाख बीमा एवं संबल योजना के अंतर्गत व 10 लाख की राशि एनटीपीसी द्वारा दी जाएगी इस प्रकार से 36 लाख की राशि व मृतक की पत्नी को एनटीपीसी में नौकरी दिए जाने का आश्वासन दिया है । मृतक के शव परीक्षण के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

यह घटना एनटीपीसी के स्थापना दिवस मनाए जाने के मात्र दो दिन बाद हुई है, जिससे प्रबंधन की अनियमितताएं और कार्यस्थल की जोखिमपूर्ण परिस्थितियों पर सवाल उठ रहे हैं।

डॉक्टर बोले-मौके पर हुई मौत - गाडरवारा सिविल अस्पताल के डॉक्टर पंकज कुमार ने बताया कि एनटीपीसी के डॉक्टरों द्वारा उसको लाया गया था। सिर और मुंह पर चोटे थीं, मृत घोषित किया गया है। देखने में लग रहा है कि ऑन द स्पॉट डेथ है।

कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह का दौरा आज

गाडरवारा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री क्षेत्रीय विधायक उदयप्रताप सिंह आज 10 नवंबर रविवार को विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे दोपहर 12 बजे ग्राम बम्होरी कलां में भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम एवं 11बजे संगठन बैठक , दोपहर 1 बजे ग्राम खिरिया स्थानीय जनों से सौजन्य भेंट करेंगे,दोप 2 बजे ग्राम गरधा मे भूमि पूजन, लोकार्पण, गौशाला का उद्घाटन कार्यक्रम शामिल होंगे। दोप 3ः30 बजे ग्राम कजरोटा मे स्थानीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात,शाम 4ः30 बजे ग्राम बरहेटा मे भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे । शाम 6 बजे गाडरवारा में सेवा सदन कार्यालय में आमजनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला पदाधिकारी, पूर्व विधायक गण, जिला, जनपद सहित समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेगें ।

सार-समाचार

गो माता का किया पूजन

गाडरवारा, देशबन्धु। आज गोपाष्टमी के पावन पर्व पर श्री देव राम-जानकी गौ शाला मै गौ माता का पूजन गौ शाला के संचालक परम पूज्य महंत बालक दास जी महाराज, श्री रघुनाथ दास जी महाराज, श्रीअवधविहारी दास एंव बिटनरी डाक्टर दोहरे मेडम ने किया । गौ शाला के संचालक महाराज जी ने बताया आज के ही दिन भगवान् कृष्ण गौमाता जंगल चरानें के लिए लेके गये थे इसलिए उनको गोपाल कहा जाता है । गौ माता के दूध मै ऐ टू मिल्क पाया जाता है गौ अर्क और पंच गव्य से केंसर एवं अनेकों बिमारियों निजात मिल सकता है । यदि लोग गौ माता के इन अम्रतमयी चीजों का इस्तमाल करे तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है । गौ माता की पूजन मै प्रवेश राय, संजय चौरसिया, योगेश चौहान एंव गौ शाला परिवार उपस्थित रहा ।

मप्र शालेय कबड्डी टीम मे चंद्रकांत एवं रोमिल चयनित

गाडरवारा, देशबन्धु। 16 नवम्बर से 20 नवंबर तक 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 2024 गाडरवारा में होना है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु गठित मध्य प्रदेश टीम में शासकीय बालक उमा विद्यालय गाडरवारा बीटीआई के छात्र चंद्रेशकांत जाटव एवं पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उ मा विद्यालय की छात्रा रोमिल ठाकुर का चयन हुआ हे। इस उपलब्धि पर साईंखेड़ा बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक, सुनीता पटेल, समस्त व्यायाम शिक्षको सहित अनेक क्षेत्रीय शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई हे।

गणित-विज्ञान के संजीव मॉडल से हुई समझ विकसित

गाडरवारा, देशबन्धु। शनिवार को विकासखंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में जन शिक्षा केंद्र अधीनस्थ माध्यमिक शाला के विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की। प्रदर्शनी के अंतर्गत मॉडल, चार्ट, सेमिनार, सोलो सोंग इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न आयामो के अंतर्गत प्रतिभागियों का आकलन किया गया। इस प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक सत्यम ताम्रकार को नोडल एवं मार्गदर्शी शिक्षक का दायित्व दिया गया। जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा सम्मिलित होने वाले समस्त प्रतिभागियों को अपने उद्बोधन उपरांत प्रशस्ति पत्र प्रदाय किए गए। प्रदर्शनी के सफल संचालन में सत्यम ताम्रकार, रामकुमार कौरव, धीरज जसाठी, लेखराम गौतम, अर्शिका ताम्रकार योगेश पटेल ने सक्रिय योगदान दिया। शिक्षक विनीत नामदेव द्वारा प्रदर्शनी कार्यक्रम का सफल मंच संचालन किया गया। जन शिक्षा केंद्र स्तरीय इस प्रदर्शनी का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक नरसिंहपुर के मार्गदर्शन एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक चीचली के निर्देशन में किया गया।

लगातार पांच दिनों तक बंद रहेंगे स्कूल, परिवार के साथ छुट्टियां बिता पाएंगे शिक्षक और बच्चे

गाडरवारा, देशबन्धु। दिवाली की लंबी छुट्टी मिलने के बाद बच्चों को एक बार फिर से लंबी छुट्टी मिलने वाली है। यह छुट्टी सिर्फ बच्चों को ही नहीं मिलेगी बल्कि शिक्षकों को भी मिलेगी। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग के द्वारा शीतकालीन अवकाश की घोषणा हो गई है जिसके अंतर्गत प्राइवेट और सरकारी दोनों स्कूल बंद रहेंगे। इस साल शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से शुरू होगा। बच्चे अपने माता-पिता और परिवार के साथ नए साल की छुट्टी आराम से मना पाएंगे। शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से शुरू होगा जो की 4 जनवरी शनिवार तक रहेगा। यही वजह है कि बच्चे अपने परिवार के साथ नया साल आसानी से मना पाएंगे और वह कहीं बाहर भी घूमने जा पाएंगे। यह शीतकालीन अवकाश केवल बच्चों के लिए नहीं है बल्कि टीचर्स के लिए भी स्कूल बंद रहेगा। कई बार ऐसा होता है बच्चों की छुट्टी होती है लेकिन टीचर्स को स्कूल जाकर काम करना पड़ता है लेकिन इस बार सभी टीचर्स के लिए अवकाश रहेगा। टीचर्स भी नए साल की छुट्टी अपने परिवार के साथ मना पाएंगे।

लीनेस वीरांगना क्लब का कार्यक्रम आज

नरसिंहपुर, देशबन्धु। लीनेस वीरांगना क्लव की आधिकारिक यात्रा आज 10 नवंबर को स्थान अमर पैलेस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेन्ट लीनेस दीपा घई का आगमन होने जा रहा हे। क्लब की येरिया आफिसर लीनेस अर्चना राय , ऐरिया सचिव लीनेस रूप कला कटारे, संरक्षक ममता नामदेव , शोभा पाल , अध्यक्ष पूनम जैन, सचिव पूनम धुर्वे , कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, उपाध्यक्ष मंजूषा सेन, सविता महोबिया , सीमा स्थापक , क्लब सदस्य प्रीती सोनी, प्रीती गोस्वामी, प्रीती राय , ज्योत्सना राय , नीता राय, सोनाली राय , विनिता जैन , विनिता चौरसिया, पुष्पा साहु , उर्वशी पाठक , सोनम नामदेव, रजनी सिंघई, रंजना नायक, रेनू नोरिया, सरिता जाट, मंजरी नेमा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर उत्साह बना है संबंधितों से उपस्थित कपिल की गई है।

विधि विभाग में न्यायोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

नरसिंहपुर, देशबन्धु। स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह के निर्देशन में लीगल ऐडक्लिनिक की प्रभारी डॉ. चेतना उपाध्याय द्वारा 4 से 9 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया।

प्रथम दिन जिला न्यायालय के प्रांगण से प्रारम्भ बाइक रैली में विधि विभाग के छात्र .छात्राओ द्वारा सहभागिता की गयी। द्वितीय दिन महिलाओ के विरुद्ध होने वाले अपराधों के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु भारतीय न्यायसंहिता की धारा 69 केतहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। तृतीय दिवस वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे क्या एक सामान सिविल संहिता लागू होना चाहिए या नहीं इस पर पक्ष व विपक्ष में छात्र छात्राओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गए। अंतिम दिवस 9 नवंबर को जिला न्यायालय से मेराथन दौड काआयोजन किया गया जिसम विधि विभाग के एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा भी सहभागिता की गयी। कार्यक्रमों में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष केशव पांडेय, भरत सिंह ठाकुर, श्रीमती शबैस डॉ. समीर, संदीप नागोत्रा एवं हेमंत डेहरिया उपस्थित रहे।

विधिक सेवा सप्ताह में हुई मैराथन दौड़

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रशासनिक न्यायाधिपति म.प्र.उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर कमल जोशी के मार्गदर्शन विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत 4 नवंबर से 9 नवंबर तक न्यायोत्सव: कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

मैराथन दौड़ का आयोजन × प्रात: 8.30 बजे मैराथन दौड जिला न्यायालय परिसर से मैराथन दौड का आयोजन माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष कमल जो ी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश राजीव के.पॉल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रसन्न सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव, श्रीमती ऐश्वर्या जैन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहे। मैराथन दौड में शहर के नौजवान धावको द्वारा भाग लेकर विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओ के संबंध में प्रचार-प्रसार किया गया।

विधिक सेवा योजनाओ की प्रदर्शनी ×जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओ की प्रदर्शनी एडीआर सेंटर में लगाई गई जिसमें प्राधिकरण की योजनाओ के विभिन्न फलेक्स बोर्ड, पेंटिग, न्यूज लेटर सहित योजनाओ की किताबे लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष कमल जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश राजीव के.पॉल, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ मुकेश शर्मा, जिला न्यायाधीश अखिलेश धाकड, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रसन्न सिंह सहित समस्त न्यायाधीशगण एवं जिला अधिवक्ता संघ सचिव सुलभ जैन सहित कार्यकारिणी के सदस्यगण व अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहे।

न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह समापन कार्यक्रम - विधिक सेवा सप्ताह के समापन के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर एवं विभिन्न विद्यालयोञ्चमहाविद्यालय एवं मैराथन दौड प्रतियोगिता के विजेताओ को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त आयोजन कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष कमल जोशी की अध्यक्षता में किया गया। उक्त अवसर पर जोशी द्वारा विधिक सेवा दिवस की प्रासंगिकता एवं उसके विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को विशेष न्यायाधीश राजीव के.पॉल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना एवं अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ मुकेश शर्मा, द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न विद्यालयो महाविद्यालय एवं मैराथन दौड प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को माननीय प्रधान जिला न्यायाधीशअध्यक्ष कमल जोशी एवं अन्य न्यायाधीशगणो द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर समस्त न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण एवं अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, विद्यालयो एवं महाविद्यालय के शिक्षणगण, छात्र छात्राये, पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णु श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

गीता सत्संग सदैव सद्गुण को धारण करें

नरसिंहपुर, देशबन्धु। भगवान कृष्ण अर्जुन से कहते हैं हे पार्थ तम से तमोगुण राजसी प्रवृत्ति से रजोगुण और परोपकार सेवा से सतोगुण आते हैं।जीव में जो गुण अधिक प्रभावी होते हैं उन्हीं के प्रभाव अनुसार और उन्हीं के अनुरूप जीव जन्म पाता है।हमें निष्काम कर्म करते हुये हमेशा परमात्मा का स्मरण करना चाहिए। उक्ताशय के विचार आध्यात्मिक विज्ञान शाला प्रमुख दामोदर दास गोस्वामी ने पी डब्लू डी हनुमान मंदिर प्रांगण नरसिंहपुर में 14वें अध्याय की विवेचना करते हुए गीता सत्संग में व्यक्त किये। पं.एम एल हरदेनिया ने बताया कि परिस्थिति स्वभाव और प्रकृति के अनुरूप सत तम और रज गुण कार्य करते हैं। गीता का सत्संग हमें ज्ञान रूपी प्रकाश देता है।पं.सी बी शर्मा ने कहा कि धर्म भक्ति और नेक कर्म से सतगुण आते हैं। साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी कहा कि जीवन रूपी बगिया में तीन डाकू हैं,एक कहता है मार दो,दूसरा कहता है बांध दो,तीसरा कहता है छोड़ दो।ये तीन डाकू तमोगुण रजोगुण और सतोगुण है।परमात्मा इनसे परे त्रिगुणातीत हैं जो हमे अंधकार से बचाकर हमेशा देदीप्यमान प्रकाश देते हैं। आयोजन में डा.महेश त्रिपाठी डा.केदार गुप्ता आर के तिवारी दिनेश श्रीवास्तव अरुण कुमार खरे डी पी साहू एस के नागवंशी आर एल पटेल एच एस साहू सहित अनेक श्रोता उपस्थित थे।विदित हो कि प्रति सप्ताह बुधवार से शनिवार शाम 5 बजे से 6.30 तक हनुमान मंदिर स्थल पर गीता सत्संग का नियमित आयोजन होता है।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

गाडरवारा, देशबन्धु। बीते शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में क्षेत्रीय स्कूलों मे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय हे कि प्रतिवर्ष देश के 22 राज्यों के 400 जिलों और 11 भाषाओं में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है।सन 1994 से संचालित इस परीक्षा से करोड़ों विद्यार्थियों का जीवन प्रभावित हुआ हैं।इस परीक्षा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, अध्यात्म -विज्ञान एवं जीवन जीने की कला से छात्र छात्राओं को परिचित कराना है। गायत्री परिवार गाडरवारा द्वारा इस वर्ष आयोजित इस परीक्षा मे पीजी कालेज गाडरवारा सहित नवोदय विद्यालय बोहानी,शास मा शाला सांगई, बगदरा, शास उमा शाला रायपुर, बसुरिया, बारहाबडा, खुर्सीपार, कठोतिया, सीरेगॉव, सिंहपुर छोटा, मिढवानी के अलावा गाडरवारा नगर से सन साइन,सेंट मेरीज कान्वेंट, आदित्य पब्लिक,एन पी एस, क्राइस्ट चर्च, न्यु इरा,रेनवो, शुद्धानंद क्रेयान, लोकमत, कृष्णा कान्वेंट, शिवाजी स्कूल,टीवीएन, शिवा इंटरनेशनल, सत्यव्रत आदि 35 विद्यालयों के लगभग दो हजार विद्यार्थियों ने सहभागिता की । शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा परीक्षा आयोजन में मिले सहयोग पर परीक्षा संचालन समिति के सदस्य डॉ राजेन्द्र कुमार दुबे, विनोद श्रीवास्तव पूर्व एई डीओ तथा सेवानिवृत्त व्याख्याता राजेश कुमार कौरव के अलावा गायत्री परिवार गाडरवारा के प्रमुख ट्रस्टी आर पी सिंह सहित समस्त गायत्री परिजनों द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया हे।

भव्य पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव आज

करेली, देशबन्धु। विश्व शांति, दुख हरण एवं सर्व मंगल कार्य सिद्धि हेतु सकल दिगंबर जैन समाज करेली द्वारा श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भक्तियम आयोजन लक्ष्मी नारायण वार्ड स्थित श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका मां गुरुमति माताजी की संघस्थ आर्यिका मां चिंतनमति व सारमति माताजी के सानिध्य में चल रहा है।

विश्व की शांति के लिए , समस्त रोग, शोक, दु:ख क्लेश को दूर करने के लिए श्री विश्व शांति महायज्ञ कल्पद्रुम महामंडल विधान मे जहां प्रतिदिन भक्ति के साथ श्रीजी का गुणगान किया जा रहा है। तो वहीं भव्यातिभव्य समोसरण मे स्थापित भगवान आदिनाथ का अभिषेक शांतिधारा नित्य पूजन अर्चन जारी है। सायंकाल मे भक्तामर पाठ के 48 दीपकों का प्रज्वलन व संगीतमय महाआरती भव्यातिभव्य पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव आज.. श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में चातुर्मासरत् पूज्य आर्यिका माँ 105 चिंतनमति व सारमति माताजी का पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव आज 10 नवंबर रविवार को अपरांह 1 बजे से मंदिर परिसर सुभाष मैदान में आयोजित है। इसके पूर्व अपराह्न 12ः00 से दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से धर्म ध्वजा, नवीन पिच्छिकाएँ, पालकी मज माँ जिनवाणी एवं सभी सामाजिक बंधु महिलाएं नगर भ्रमण करेगी।

इस मौके पर सकल दिगम्बर जैन समाज, श्री दिगम्बर जैन पंचायती जिन मंदिर ट्रस्ट कमेटी, श्री विद्याश्रमण संरक्षक युवा मंडल, महिला मंडल, संस्कृति मंडल ने सभी नगरवासियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

बेघरों को फिर पीएम आवास योजना से उम्मीद

पीएम आवास का सर्वे करने पहुंचा अमला और स्थानीय जनप्रतिनिधि

करेली, देशबन्धु। नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में नपा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे का कार्य आरंभ कर दिया गया है।नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नगर पालिका द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे का कार्य आरंभ कर दिया है।

इसी क्रम में शहर के नरसिंह वार्ड व महेंद्र वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे घर-घर जाकर किया जा रहा है इस अभियान के तहत आगे भी सभी वार्डों में सर्वे किया जाएगा द्ध

इस अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, वार्ड पार्षद, उपयंत्री,नगर पालिका कर्मचारियों ने वार्ड पहुंचकर हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया इस सर्वे के माध्यम से योजना के लाभार्थियों की पहचान की जाएगी जो इस योजना के पात्र हैं उन्हें आवास सुविधा प्रदान की जाएगी।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए